चतुर्थ संस्करण-2021

॥ ॐ श्री परशुरामाय नमः ॥

रजि. नं. 217/74

सर्व ब्राह्मण गोत्रावली

(आदिगौड़ ब्राह्मण समाज)

तेज बदन कर परशु है, शोभित तीर कमान।
भक्त त्रास सब हरत हैं, परशुराम भगवान ॥

अखिल भारतीय श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज

प्रधान कार्यालय : 'बद्री विशाल भवन', कल्याण जी का रास्ता, पहला चौराहा,
चांदपोल बाजार, जयपुर-302001 (राज.) मोबाइल : 9314663550

Websites : adigaur.tripod.com/samaj, www.wix.com/adigaur/samaj

E-mail : adigaur@iycos.com/adigaurbrahman90@gmail.com, hggaur@gmail.com

Front back

॥ ॐ श्री परशुरामाय नमः ॥

चतुर्थ संस्करण, 2021 रजि. नं. 217/74

सर्व ब्राह्मण गौत्रावली

(आदिगौड़ ब्राह्मण समाज)

प्रकाशक

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज

''प्रधान कार्यालय''

3440, बद्री विशाल भवन, कल्याण जी का रास्ता, पहला चौराहा, चाँदपोल बाजार,
जयपुर-302001 (राजस्थान) * मो. : 9314663550

Website : http//adigaur.tripod.com/samaj, www.wix.com/adigaur/samaj

e-mail : adigaur@lycos.com/adigaurbrahman90@gmail.com /
hggaur@gmail.com

''प्रकाशक''

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज

''प्रधान कार्यालय''

3440, बद्री विशाल भवन, कल्याण जी का रास्ता, पहला चौराहा, चाँदपोल बाजार,
जयपुर-302001 (राजस्थान) * मो. : 9314663550

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण- **1987**
द्वितीय संस्करण- **1995**
तृतीय संस्करण- **2006**
नवीन एवं संसोधित चतुर्थ संस्करण - **2021**

''सम्पादक मण्डल''

पं. शांतिलाल गौड़, डॉ. हरगोविंद गौड़,
पं. अशोक सुरोलिया, वैद्य सत्यनारायण शर्मा,
पं. शम्भू दयाल जैमिनी, पं. रमेश चंद गौड़,
डॉ. गिर्राज प्रसाद शर्मा, पं. ओमप्रकाश शास्त्री,
पं. रामकुमार शर्मा, प्राचार्य

प्रतियाँ : 1000
मूल्य : 100/-

मुद्रक :
प्रिन्ट-ओ-प्रिन्ट
2079-80, बद्रीनाथ जी का चौक, खजानेवालों का रास्ता,
चाँदपोल बाजार, जयपुर-1
फोन : 0141-4008005 * मो.: 94140 43784

अनुक्रमाणिका

1.	मुख्यावरण	1
2.	विज्ञापन	2
3.	अनुक्रमणिका	3
4.	सम्पादकीय	4
5.	अध्यक्ष की कलम से	5
6.	शुभकामना–संदेश	6
7.	गर्व से कहो हम ब्राह्मण हैं	7–8
8.	भारतीय समाज में नारी की स्थिति	9
9.	स्वास्तिक का रहस्य	10
10.	हम, हमारे छात्र एवं नैतिकता	11
11.	आखिर कौन हैं आदि गौड़ ब्राह्मण जानिए	12–13
12.	सामाजिक चरित्र की भूमिका	14
13.	संस्कृत भाषा में निहित गूढ़ रहस्य	15
14.	वर्तमान समय के अनुरूप कैरियर चयन	16–17
15.	समाज में महिलाओं की भूमिका	18
16.	समाज सुधार में माँ की भूमिका व योगदान	19
17.	मानव जीवन में उत्साह की भूमिका	20–21
18.	वर्णाश्रम–धर्म	22
19.	जीवन में उपयोगी कानूनी परामर्श	23
20.	वास्तु दर्पण–अष्ट दिशा परिणाम	24
21.	जीवन में व्यावहारिक ज्ञान का महत्व	25
22.	सामाजिक परिवर्तन	26
23.	सामाजिक सरोकार–श्री आदि गौड़ ब्राह्मण ब्लड़ग्रुप जयपुर	27
24.	विविध सामाजिक गतिविधियाँ	28–33
25.	संस्थागत आवश्यक सूचनाएँ	34
26.	व्यावसायिक विज्ञापन	35–36

प्रस्तावना

हमारे पूर्वजों ने अपने पुत्र पुत्रियों के सम्बंध करने के लिये गोत्रों का मिलान करने का नियम बना कर चार गोत्रों से न मिलने बाले गोत्रों में कन्या का देना लेना निश्चय कर निम्न गोत्रों का निर्णय किया था - अपना ऋषि गोत्र तथा प्रवर जिस परिवार से न मिलते थे उसी परिवार को लडक़ी देना लेना स्वीकार किया था। विज्ञान द्वारा भी इस संबंध में यही बात कही गई है कि सगोत्र शादी करने पर अधिकांश ऐसे दंपत्ति की संतानों में अनुवांशिक दोष अर्थात मानसिक विकलांगता, अपंगता, गंभीर रोग आदि जन्मजात ही पाए जाते हैं । शास्त्रों के अनुसार इन्हीं कारणों से सगोत्र विवाह पर प्रतिबंध लगाया था।

आज अज्ञानता के कारण ऋषि गोत्र, प्रवर आदि को छोड़कर हम अपने ग्राम गोत्रों को काम लेने लगे हैं। जिससे दोनों पक्षों में प्रायः ऋषि गोत्र एवं प्रवर मिल जाते हैं जो एक ही ऋषि की सन्तान हैं जो भाई- बहिन को हम पति पत्नी के रूप में देख रहे हैं। ग्राम गोत्र तो जो व्यक्ति जहां रहते हैं तथा जिस पूर्वज ऋषि का अधिकार था उस ग्राम के नाम को ही शासन माना जाता है। अनजाने में आज भी शासन को ही गोत्र मान रहें हैं। जबकि गोत्र पूर्वज ऋषि के नाम पर होता है। इसलिये हम सबको वेद, उपवेद, शाखा शूत्र, शिखा, पाद, देवता, गोत्र, प्रवर का ज्ञान होना चाहिये।

यत्र तत्र वसे हुए हमारे समाज बंधुओं को यह जानकारी उपलब्ध हो यह विचार कर वर्तमान व भावी पीढ़ी को अपने शासन गोत्र व पदवी कुलदेवी वेद प्रवर आदि का ज्ञान हो सके इस हेतु सर्व ब्राह्मण गोत्रावली नामक ग्रंथ का प्रकाशन अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज ने कराया जिसका प्रथम संस्करण 1987, द्वितीय संस्करण 1995 व तृतीय संस्करण 2006 में प्रकाशित हुआ था। इसका नवीन संशोधित चतुर्थ संस्करण 2021 आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसमें शासन, ऋषि गोत्र, पदवी, प्रवर व शाखा का समावेश किया गया है। जो भावी पीढ़ी की अवगत कराना उचित व आवश्यक है। यह हम सब के लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

जिन समाज हितेषी बन्धुओं ने प्रेरना दी है या प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूपसे सहयोग किया है तथा जिन विद्वान व प्रतिष्ठित महानभावों ने इस पुस्तक के लिये शुभकामनाएं दी हैं उनके हम कृतज्ञ हैं।

डॉ. हरगोविन्द गौड़

अध्यक्ष

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज

पुण्य स्मरण

जन्म 18 जुलाई 1947 – देवलोक गमन 27 अप्रेल 2021

श्रीमती मीना देवी शर्मा (गौड़)

करोड़ों की आबादी वाले इस संसार में यदा-कदा ही ऐसे कर्म-धन्य व्यक्ति जन्म लेते हैं
जिनकी प्रेरणा और प्रतिबद्धता सर्वजन हिताय - सर्वजन सुखाय होती है.
जिनका संकल्पित साहस अदम्य होता है, जो अपनी कर्मठता से औरों को भी ऊर्जायित, प्रेरित करते हैं.
जो मशाल बनकर समाज का पथ आलोकित करते हैं तथा शाश्वत प्रेरणा पुंज बने रहते हैं.

श्री जमनादास जी शर्मा (मुखिया जी) और श्रीमती गणेशी देवी की सुपुत्री **श्रीमती मीना देवी** का जन्म 18 जुलाई 1947 को विख्यात कृष्णतीर्थ नाथद्वारा (राजस्थान) में हुआ था। उनका विवाह 23 जून 1967 में राजस्थान के ही बेगू (जिला चित्तौड़गढ़) के निवासी श्री औकारलाल जी व प्यारी बाई के सुपुत्र श्री शान्तिलाल जी शर्मा से हुआ। मीना देवी ने जीवन में सभी प्रतिकूल एवं अनुकूल परिस्थितियों में अपने पति का साथ निभाया एवं पूरे परिवार को एक सूत्र में बांध कर रखा। मीना देवी सादगी, ममता, स्नेह, सहनशीलता एवं त्याग की अनुपम मूरत थी। उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं धार्मिक कार्यों में बढ़–चढ़ कर भाग लिया एवं जीवनपर्यन्त समाज के असहाय एवं जरुरतमंद व्यक्तियों की तन–मन–धन से सेवा की।

नाथद्वारा के आराध्य श्री नाथ जी में आपकी पूर्ण आस्था थी। अपने परिवार को माला की तरह एक सूत्र में बांधे रखा एवं सभी को आदर्श जीवन की सीख प्रदान की। आप एक शिक्षित समाज की पक्षधर थी इसी क्रम में आपने उदयपुर की लोकप्रिय शिक्षा संस्था एम. डी. एकेडमी की स्थापना की, जो समाज के सभी वर्गों के बालकों की उत्कृष्ट शिक्षा का स्त्रोत बना हुआ है।

आपकी स्मृतियां हमारे हृदय पटल पर सदैव अंकित रहेंगी ।

शत्-शत् नमन

शांतिलाल शर्मा (गौड़)

(सेवानिवृत्त – कृषि पर्यवेक्षक)

जन्म 21 अक्टूबर 1943

सुपुत्र स्व. औंकारलाल जी शर्मा

बेगू, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

(शासन–राणोलिया, गोत्र–बृहस्पति)

समाज सेविका,
विदूषी एवं प्रेरणादात्री
स्व. श्रीमती मीना देवी शर्मा
की पावन स्मृति में
श्री शांतिलाल जी शर्मा द्वारा
इस स्मारिका एवं
सर्व ब्राह्मण गोत्रावली
का प्रकाशन किया गया है।
स्व. मीनादेवी के चरणों में
इस संग्रहणीय पुस्तक को
सादर समर्पित करते हैं।

निवास : 532 एम–13, अम्बामाता स्कीम,
उदयपुर– 313001. फोन 91–93144 56154

सादर समर्पित

वरिष्ठ समाजसेवी श्री शांतिलाल जी शर्मा प्रखर एवं निर्भीक समाज सुधारक, लोक-हित चिन्तक एवं समस्त ब्राह्मण समाज के उद्गम, उत्थान, विकास तथा गोत्र आदि के जानकार हैं। आपने समाज के कमजोर वर्ग के विकास व उत्थान के लिए नाथद्वारा, उदयपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों में समाज कल्याण की विविध गतिविधियों जैसे युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामुहिक विवाह आदि के अनेक सफल आयोजन सम्पन्न कर प्रदेश में समाज को नई पहचान दिलाई है।

राज्य के चित्तौड़, भीलवाड़ा, राजनगर (समस्त मेवाड़ क्षेत्र) उदयपुर, नाथद्वारा आदि जिलों में आदि गौड़ ब्राह्मणों में परिचय, मेल मिलाप के लिए विभिन्न आयोजन में प्रमुख वक्ता एवं मुख्य अतिथि बन कर सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।

राज्य से बाहर के ब्राह्मण समाज के उच्च पदों पर कार्यरत लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़ने एवं परिचय के लिए कार्यरत हैं।

आप समाज की कुरीतियों को मिटाने एवं नवाचार के पक्षधर हैं. विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं व्हाट्सएप ग्रुप में निरंतर समाजोपयोगी लेखन करते रहते हैं तथा सामाजिक स्वाभिमान को बनाए रखने के हर कार्य को बखूबी निभाते हैं। राजस्थान की परम्परागत चित्रकला शैली के जानकार हैं।

बुजुर्गों एवं कैंसर जैसे असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी आप मुक्त हस्त से निरंतर सहायता प्रदान करने में अग्रणी हैं।

विकसित एवं स्वस्थ समाज के लिए शिक्षा अति आवश्यक है, आपका शिक्षा के क्षेत्र में भी सराहनीह योगदान है।

सरकारी सेवा से रिटायरमेंट के बाद से लेकर अब तक अपनी आयु के 78 वें वर्ष में भी समाज सेवा के विभिन्न आयामों में बहुत सक्रिय रहते हैं, इसी परिश्रम का उदाहरण यह पुस्तक अब आपके सामने है। आशा करते हैं कि सर्व ब्राह्मण गोत्रावली की यह पुस्तक पाठकों को ब्राह्मणों के गोत्र आदि के विषय में ज्ञानवर्धक होगी एवं नई पीढ़ी को अपनी सही पहचान जानने में सहायक होगी।

पारिवारिक विवरण

शान्तिलाल जी – स्व. श्रीमती मीना देवी शर्मा

सतीश–रेखा शर्मा
(पुत्र–पुत्रवधू)

मिलन, अर्नव,
जतिन (पौत्र)

प्रबंधक,
एम.डी. एकेडमी

रविशंकर–अनिता शर्मा
(पुत्र–पुत्रवधू)

कनिष्का (पौत्री)
कृष्णा (पौत्र),

CAD Designer एवं परम्परागत
चित्र शैली के विख्यात चित्रकार

कपिल–बेनु शर्मा
(पुत्र–पुत्रवधू)

कविन, (पौत्र),
घृति (पौत्री)

संचालक,
एम.डी. एकेडमी

रेखा–संजय शर्मा
(पुत्री–दामाद)

उज्जवल (दोहिता)
मितिषा (दोहिती)

निवासी
भीलवाड़ा

• संजू–स्व. ममता गौड़ (भतीजा–वधू) • नन्दकिशोर–पुष्पा गौड़ (बहन–बहनोई)

• स्व. भुवनेश्वर–मधु शर्मा, स्व. तुलसीदास जी, हेमन्त–पुष्पा, गोकुल–मन्जू (सालाजी – सलहज)

शांतिलाल शर्मा एवं समस्त परिवारजन
532 एम–13, अम्बामाता स्कीम, उदयपुर– 313001
फोन : 0294–2431985, 91–93144 56154

शुभकामनाओं सहित

डॉ. हरगोविन्द गौड़

M.A., M.L.I.Sc, Ph.D.,
(सेवानिवृत्त पुस्तकालयाध्यक्ष, वनस्थली विद्यापीठ, राज.)

पुत्र : श्री रतनलाल गौड़
पौत्र : श्री सुन्दरलाल गौड़

मूल निवास : ग्राम दरगवां, तहसील मंडरायल, जिला करौली, राजस्थान

धर्मपत्नी : श्रीमती रामपति गौड़ प्राथमिक शिक्षा

पुत्री : रेखा शर्मा M.Sc., M.Tech., Ph.D., Comp. Sc.
प्रोफेसर, ठाकुर इंजीनियरिंग कॉलेज, मुम्बई

दामाद : श्री राजेश शर्मा C.A., मुम्बई

पुत्र : • दीपक गौड़ B.E., M.Tech.
इंजीनियर- इंडियन रेलवे

पुत्र वधू : • स्व. श्रीमती ऋचा गौड़ M.C.A.

पुत्र : • रवि गौड़ M.Sc., Comp. Sc.
Assist Manager Soft. Co. Jaipur

पुत्र वधू : • डॉ. सोनू गौड़ M.A., M.Phil, M.Ed., Ph.D.
असिस्टेंट प्रोफेसर, सुबोध कन्या शिक्षा महाविद्यालय, जयपुर

पुत्र : • डॉ. ओमप्रकाश गौड़
M.A., Ph.D., Yoga - Aum Yoga Centre, GOA

पुत्र वधु : • श्रीमती तपस्या गौड़ B.A., B.Ed.

वर्तमान निवास : 86/238, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर,
सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन : 91-93146 63550

डॉ. हरगोविन्द गौड़ के दादाजी
श्री सुन्दरलाल गौड़ के बड़े भ्राता
श्री भवानी गौड़

द्वारा तत्कालीन करौली रियासत में आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अस्तित्व की पहचान एवं प्रमाणीकरण हेतु दायर वाद में उनके पक्ष में आए एतिहासिक फैसले से आदि गौड़ ब्राह्मण समाज को अपनी पहचान की नींव सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिला.

करौली रियासत बनाम स्व. श्री भवानी गौड़
के बीच उक्त वाद में आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के
पक्ष में आए फैसले के
ऐतिहासिक दस्तावेज की एक झलक



सन्देश

सन्देश

सन्देश

सन्देश

सन्देश

प्रतिदिन स्मरण योग्य शुभ सुंदर मंत्र। संग्रह

गणपति स्तोत्र

गणपतिः विघ्नराजो लम्बतुन्ड़ो गजानन:।
द्वै मातुरश्च हेरम्ब एकदंतो गणाधिप:।।
विनायक: चारूकर्ण: पशुपालो भवात्मज:।
द्वादश एतानि नामानि प्रात: उत्थाय य: पठेत।।
विश्नम तस्य भवेद् वश्यम् न च विघ्नम् भवेत् क्कचित्।

विघ्नेश्वराय वरदाय शुभप्रियाय।
लम्बोदराय विकटाय गजाननाय।।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय।
गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते।।

शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजं।
प्रसन्नवदनं ध्यायेतसर्वविघ्नोपशान्तये।।

सरस्वती वंदना

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।
या वींणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपदमासना।।
या ब्रह्माच्युतश'रप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।
सा माम पातु सरस्वती भगवती
निःशेषजाड्याऽपहा।।

प्रात: कर-दर्शनम्

कराग्रे वसते लक्ष्मी करमध्ये सरस्वती।
करमूले तू गोविन्दः प्रभाते करदर्शनम।।

पृथ्वी क्षमा प्रार्थना

समुद्र वसने देवी पर्वत स्तन मंडिते।
विष्णु पत्नी नमस्तुभ्यं पाद स्पर्शं क्षमश्चमेव।।

त्रिदेवों के साथ नवग्रह स्मरण

ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च।
गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम।।

श स्नान मन्त्र श

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु।।

सूर्यनमस्कार

ॐ सूर्य आत्मा जगतस्तस्युषश्च
आदित्यस्य नमस्कारं ये कुर्वन्ति दिने दिने।
दीर्घमायुर्बलं वीर्यं व्याधि शोक विनाशनम्
सूर्य पादोदकं तीर्थ जठरे धारयाम्यहम।।

ॐ मित्राय नमः
ॐ रवये नमः
ॐ सूर्याय नमः
ॐ भानवे नमः
ॐ खगाय नमः
ॐ पूष्णे नमः
ॐ हिरण्यगर्भाय नमः
ॐ मरीचये नमः
ॐ आदित्याय नमः
ॐ सवित्रे नमः
ॐ अर्काय नमः
ॐ भास्कराय नमः
ॐ श्री सवितृ सूर्यनारायणाय नमः

आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीदमम् भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तु ते।।

दीप दर्शन

शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपकाय नमोऽस्तु ते।।

दीपो ज्योति परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दनः।
दीपो हरतु मे पापं संध्यादीप नमोऽस्तु ते।।

आदिशक्ति वंदना

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।

शिव स्तुति

कर्पूर गौरम करुणावतारं,
संसार सारं भुजगेन्द्र हारं।
सदा वसंतं हृदयार विन्दे,
भवं भवानी सहितं नमामि।।

विष्णु स्तुति

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्ण शुभा'म्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यम्
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम।।

श्री कृष्ण स्तुति

कस्तुरी तिलकम ललाटपटले, वक्षस्थले कौस्तुभम।
नासाग्रे वरमौक्तिकम करतले, वेणु करे कंकणम।।
सर्वांगे हरिचन्दनम सुललितम, कंठे च मुक्तावलि।
गोपस्त्री परिवेश्तिथो विजयते, गोपाल चूडामणी।।

मूकं करोति वाचालं पंगुं लंघयते गिरिम।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्द माधवम।।

श्रीराम वंदना

लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं
रघुवंशनाथम्।
कारुण्यरूपं करुणाकरं तं श्रीरामचन्द्रं शरणं प्रपद्ये।।

श्रीरामाष्टक

हे रामा पुरुषोत्तमा नरहरे नारायणा केशवा।
गोविन्दा गरुड़ध्वजा गुणनिधे दामोदरा माधवा।।
हे कृष्ण कमलापते यदुपते सीतापते श्रीपते।
बैकुण्ठाधिपते चराचरपते लक्ष्मीपते पाहिमाम।।

आदौ रामतपोवनादि गमनं हत्वा मृगं कांचनम्।
वैदेही हरणं जटायु मरणं सुग्रीवसम्भाषणम।।
बालीनिर्दलनं समुद्रतरणं लंकापुरीदाहनम्।
पश्चाद्रावण कुम्भकर्णहननं एतद्धि श्री रामायणम।।

हनुमान वंदना

अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहम।
दनुजवनकृषानुम् ज्ञानिनांग्रगणयम।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशम।
रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।।

मनोजवं मारुततुल्यवेगम जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठं।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शरणम् प्रपद्ये।।

स्वस्ति-वाचन

ॐ स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवाः
स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः
स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।।

शांति पाठ

ऊँ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष (गुँ) शान्तिः,
पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः,
सर्व (गुँ) शान्तिः, शान्तिरेव शान्तिः, सा मा शान्तिरेधि।।

।।ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

बहुत ही सुंदर संग्रह
इसे हर हिन्दू को अपने 'saver' में डाले या प्रिंट आउट ले। ऐसा संग्रह सरलता से नही मिलता।
एक प्रति परिवार के बच्चों को भी दे।

भारत की संस्कृति को पहचाने

खासकर अपने बच्चो को बताए क्यों कि ये बात उन्हें कोई नहीं बताएगा...

दो पक्ष

1-कृष्ण पक्ष 2-शुक्ल पक्ष

जतीन ऋण

1-देवऋण2-पितृऋण 3-ऋषिऋणथ

चार युग

1-सतयुग 2-त्रेतायुग
3-द्वापरयुग 4-कलियुगथ

चार धाम

1-द्वारिका 2-बद्रीनाथ
3-जगन्नाथपुरी 4-रामेश्वरमधामथ

चार पीठ

1-शारदा पीठ (द्वारिका)
2-ज्योतिष पीठ (जोशीमठ बद्रिधाम)
3-गोवर्धन पीठ (जगन्नाथपुरी)
4-शृंगेरीपीठथ

चार वेद

1-ऋग्वेद 2-अथर्ववेद
3-यजुर्वेद 4-सामवेद!

अचार आश्रम

1-ब्रह्मचर्य 2-गृहस्थ
3-वानप्रस्थ 4-संन्यासथ

चार अंत:करण

1-मन 2-बुद्धि
3-चित्त 4-अहंकारथ

पञ्च गव्य

1-गाय का घी 2-दूध दही
3-गोमूत्र 4-गोबरथ

पञ्च देव

1-गणेश 2-विष्णु 3-शिव
4-देवी 5-सूर्य

पंच तत्त्व

1-पृथ्वी 2-जल 3-अग्नि(तेज)
4-वायु 5-आकाशथ

छह (षट्दर्शन) दर्शन

1-वैशेषिक 2-न्याय 3-सांख्य
4-योग 5-पूर्व मिसांसा
6-उत्तर मिसांसाथ

सप्त ऋषि

1-विश्वामित्र 2-जमदाग्नि 3-भरद्वाज
4-गौतम 5-अत्री 6-वशिष्ठ और कश्यपथ

सप्त पुरी

1-अयोध्यापुरी 2-मथुरापुरी
3-मायापुरी (हरिद्वार) 4-काशीपुरी
5-कांचीपुरी (शिन कांची-विष्णु कांची)
6-अवंतिकापुरी 7-द्वारिकापुरीथ

आठ योग

1-यम 2-नियम 3-आसन
4-प्राणायाम 5-प्रत्याहार 6-धारणा
7-ध्यान एवं 8-समाधिथ

आठ लक्ष्मी

1-आग्घ 2-विद्या 3-सौभाग्य
4-अमृत 5-काम 6-सत्य 7-भोग
8-योग लक्ष्मी

नव दुर्गा

1-शैल पुत्री 2-ब्रह्मचारिणी
3-चंद्रघंटा 4-कुष्मांडा 5-स्कंदमाता

6-कात्यायिनी 7-कालरात्रि
8-महागौरी एवं 9-सिद्धिदात्रीथ

दस दिशाएं

1-पूर्व 2-पश्चिम 3-उत्तर 4-दक्षिण
5-ईशान 6-नैऋत्य 7-वायव्य
8-अग्नि 9-आकाश 10-पाताल

मुख्य 11 अवतार

1-मत्स्य 2-कश्यप 3-वराह
4-नरसिंह 5-वामन 6-परशुराम
7-श्री राम 8-कृष्ण-बलराम
10-बुद्ध एवं 11-कल्किथ

बारह मास

1-चैत्र 2-वैशाख 3-ज्येष्ठ 4-अषाढ
5-श्रावण 6-भाद्रपद 7-अश्विन
8-कार्तिक 9-मार्गशीर्ष 10-पौष
11-माघ 12-फागुन

बारह राशी

1-मेष 2-वृषभ 3-मिथुन 4-कर्क
5-सिंह 6-कन्या 7-तुला 8-वृश्चिक
8-धनु 10-मकर 11-कुंभ
12-कन्याथ

बारह ज्योतिर्लिंग

2-मल्लिकार्जुन 3-महाकाल
4-ओमकारेश्वर 5-बैजनाथ
6-रामेश्वरम 7-विश्वनाथ 8-त्र्यंबकेश्वर
9-केदारनाथ 10-घुष्मेश्वर
11-भीमाशंकर ,12-नागेश्वर!

पंद्रह तिथियाँ

1-प्रतिपदा 2-द्वितीय 3-तृतीय
4-चतुर्थी 5-पंचमी 6-षष्ठी 7-सप्तमी
8-अष्टमी 9-नवमी 10-दशमी
11-एकादशी 12-द्वादशी
13-त्रयोदशी 14-चतुर्दशी
15-पूर्णिमा, अमावास्या

स्मृतियां

1-मनु 2-विष्णु 3-अत्री 4-हारीत
5-याज्ञवल्क्य 7-उशना 7-अंगीरा
8-यम 9-आपस्तम्ब 10-सर्वत
11-कात्यायन 12-ब्रहस्पति
13-पराशर 14-व्यास 15-शांख्य
16-लिखित 17-दक्ष 18-शातातप
19-वशिष्ठ

इस पोस्ट को अधिकाधिक शेयर करें जिससे सबको हमारी संस्कृति का ज्ञान होथ

सुप्रभात

शुभ दिन के साथ

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज - संक्षिप्त परिचय

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था के गठन का विचार सर्वप्रथम 1955 में आया जिसमें संस्था के प्रचार प्रसार हेतु जीवन जागृति के नाम से पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया गया। कुछ समय पश्चात पत्रिका का प्रकाशन बन्द हो गया।

संस्था को आगे बढाने हेतु 1959 में तीर्थस्थली भर्तृहरि में समाज के कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास समाज के कुछ बन्धुओं ने किया। 1965 में 5 सदस्यों की एक समिति का गठन कर कार्य को आगे बढ़ाया व 1968 में समिति का विस्तार कर 7 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई। इसी का आगे विस्तार कर 1970 में 11 सदस्यीय कार्यकारिणी बनी जिसके अथक परिश्रम से अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की स्थापना समाज के हितैषी एवं विचारकों पं. बाबू लाल वाजपेयी, पं. भगवान सहाय पांडेय, पं. गिरधारी लाल भारद्वाज, पं. गोपीचंद मिश्र, पं. चाँदनारायण तिवारी तथा अन्य समाजसेवियों के अथक प्रयासों से हुई थी जिसका रजिस्ट्रेशन दिनांक 28 जनवरी, 1974 को हुआ एवं रजि. क्रमांक 217/1974 है।

जैसा कि नाम से स्पष्ट है संस्था का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारतवर्ष है और पूरे भारत में संस्था के सदस्य हैं।

संस्था की विकास यात्रा अनवरत रूप से समाज के सहयोग से निरंतर आगे चल रही है। इसके तहत सामाजिक सम्मेलन, विद्वित सम्मान, सामुहिक यग्योपवित संस्कार, प्रतिभा सम्मान तथा समयानुकूल विषयों पर विचार गोष्ठी व उत्सवों का आयोजन एवं समाज हित के रचनात्मक कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते आ रहे हैं। इसकी 30 से अधिक शाखाएं विभिन्न स्थानों पर कार्य कर रही हैं।

वर्तमान व भावी पीढ़ी को अपने शासन गोत्र व पदवी कुलदेवी वेद प्रवर आदि का ज्ञान हो सके इस हेतु सर्व ब्राह्मण गोत्रावली नामक ग्रंथ का भी प्रकाशन अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज ने कराया है। इसका प्रथम संस्करण 1997, द्वित्तीय संस्करण 1995, तृतीय संस्करण 2006 में प्रकाशित हुआ। इसके लिए भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने आशीर्वाद दिया। इसका प्रकाशन लगभग 20 वर्षों के अनवरत प्रयासों से सम्पन्न हो पाया। इसके लिये अनेक ग्रन्थ जैसे पुराणों स्मृति ग्रंथों एवं अनेक ऋषियों महाऋषियों द्वारा प्रतिपादित धर्म ग्रंथो व अन्य गोत्रावलियों का सहयोग लिया गया, ताकि प्रमाणिकता सिद्ध हो सके। यह गोत्रावली काफी लोकप्रिय रही है। मांग अभी बरकरार है। अतः इसका नवीन व संशोधित चतुर्थ संस्करण आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की विकास यात्रा निम्नानुसार रही है जिसमें समाज के विभिन्न महानुभावों का अतुल योगदान रहा है :

पं. बाबूलाल वाजपेयी जी ने कभी महामंत्री व कभी कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी

का निर्वहन कर इस संस्था को मजबूती प्रदान करने का काम जीवनपर्यंत किया। उनका अतुलनीय योगदान समाज हित में रहा है। उस समय की परिस्थितियों के अनुकूल समाज की इस संस्था के 1977-1978 तक पं. गोपीचन्द मिश्रा, पं. तेजपाल भारद्वाज, अलवर, अध्यक्ष व पं. चाँदनारायन तिवारी, मंत्री रहे। 1978-1979 से 1979-1980 तक पं. मणिलाल भारद्वाज, अध्यक्ष व पं. सूरजनारायण सांगानेरी, मंत्री रहे। 1980-1981 से 1983-1984 तक पं. चांदनारायण तिवारी, जयपुर, अध्यक्ष व पं. बाबूलाल वाजपेयी, मंत्री रहे। 1984-1985 से 1989-1990 तक पं. गोपीचंद मिश्रा, अध्यक्ष व पं. मुकुट बिहारी शर्मा, पं. श्री दीनदयाल तिवारी ने मंत्री पद संभाला। 1990 से 1993 तक पं. विषुध्यानंद शास्त्री, अलवर, अध्यक्ष व पं. दीनदयाल तिवारी, जयपुर मंत्री थे। 1993 से 2009 तक पं. राम नारायण दीक्षित, जयपुर, पं. श्यामलाल तिवाड़ी, भरतपुर, पं. श्रीचंद गौड़, जुरहरा पं. टोडरमल शर्मा, उपाध्यक्ष एवं पं. जयप्रकाश जैमिनी, फ़रीदाबाद, पं. सत्यनारायण शर्मा, करौलीबाले, अध्यक्ष एवं पं. महेंद्र कुमार जैमिनी, जयपुर, पं. हरिमोहन शर्मा, पं. ओमप्रकाश शास्त्री महामंत्री रहे। 2009 से 2018 पं. भगीरथ शर्मा, अध्यक्ष व पं. अशोक गौड़ महामंत्री रहे। इसके बाद 2018 से डॉ. हरगोविन्द गौड़, अध्यक्ष व वैद्य श्री सत्यनारायण शर्मा महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं।

वर्तमान कार्यकारिणी का गठन दिनांक 12 जनवरी, 2020 को चित्रगुप्त भवन, कायस्थों की बगीची, जयपुर में संपन्न हुए अधिवेशन में किया गया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व रहा।

वर्तमान परिपेक्ष में संस्था के उदेश्यों को नए सिरे से निर्धारित किया गया है जो निम्नानुसार हैं :

1. समाज में प्रेम व एकता के साथ पारस्परिक सहायता का भाव जागृत करना।
2. समाज को शिक्षा के प्रति जागृत करना।
3. स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देना।
4. प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।
5. आर्थिक रूप से कमजोर छात्र - छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना।
6. समाज में प्रचलित कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करना।
7. समाज में पवित्र संस्कारों के निमित्त कार्यक्रम आयोजित करना।
8. समाज में नव युवक - युवतियों में सेवा भाव जागृत करना।
9. समाज को उन्नत एवं वैभव संपन्न बनाने का प्रयास करना।
10. समाज की पत्रिका ब्राह्मण ज्योति दीपशिखा को नियमित प्रकाशित करना।

सभी समाज बंधुओं से विनम्र अपील है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाने के साथ यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि कोई भी बच्चा अशिक्षित ना रहे। इस

क्रम में संस्था ने एक शिक्षा - निधि स्थापित करने का प्रस्ताव किया है जिससे हमारे समाज के प्रतिभावान आर्थिक रूप से कमजोर बालक - बालिकाओं को पढ़ने में आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। संस्था द्वारा किये जाने वाले कार्य हम सभी के सहयोग से ही संभव हो पाएंगे अतः समाज के भामाशाह बन्धुओं से करवद्ध निवेदन है कि इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक तन मन धन से सहयोग प्रदान करें।

सामाजिक उत्थान हेतु विचारों को समाज के बन्धुओ तक पहुचने के लिए संस्था द्वारा वर्ष 1976 से ब्राह्मण ज्योति दीपशिखा पत्रिका का प्रकाशन उतार चढ़ाव के साथ अनवरत रूप से किया जा रहा है। जिसका रनिस्ट्रेशन संख्या ग -16 (132)76 है पत्रिका में सांस्कृतिक, आर्थिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक चेतना को आवश्यक अंग मानकर स्वास्थ्य, साहित्य, कला, महिला परिशिष्ठ के साथ सामाजिक गतिविधियों को समाविष्ट किया जाता है। पत्रिका का वितरण डाक द्वारा व स्थानीय स्तर व्यक्तिगत रूप से किया जाता है।

दिनांक 14 अगस्त 1981 को ततकालीन राज्यपाल श्रीमान श्री के. डी. शर्मा ने अपने संदेश में ब्राह्मण ज्योति दीप शिखा के सम्बंध में निम्न विचार प्रस्तुत किये - यह जानकर मुझे हर्ष हुआ कि अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा प्रकाशित ब्राह्मण ज्योति दीप-शिखा पत्रिका हमारे समाज में बालकों, किशोरों और युवकों को देश की भावनात्मक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रगाढ़ करने का सतत प्रयास कर रही है। आदि गौड़ ब्राह्मण समाज एक विशाल वटवृक्ष के समान है। इसकी शाखाएं अलग अलग होते हुए भी वृक्ष का मूल एक ही है।

इसलिये समस्त ब्राह्मण समाज बंधुयों को भेदभाव भुलाकर संगठित होकर परस्पर प्रेम से जीवन व्यतीत करना चाहिए। मुझे विस्वास है कि गौड़ ब्राह्मण समाज अपने नित्यक्रम, व्यवहार अध्ययन, कर्तव्यनिष्ठा और आचरण से आगे बढ़ता रहेगा और भारतीय संस्कृति का पुनरुत्थान करने में सहायक होगा।

संस्था समाज बंधुओं की है इसके संबन्ध में कोई बात करनी हो या सुझाव देना चाहें तो बिना किसी संकोच के नीचे दिये मोबाइल नम्बरों व ई-मेल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जय परशुराम।

डॉ. हरगोविन्द गौड़
अध्यक्ष
अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज
मोबाईल नं.: 9314663550, 8741875664
E-mail ID : hggaur@gmail.com

अखिल भारतीय श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज - कार्यकारिणी

संरक्षक

पं. रमेश चन्द वाजपेयी (जयपुर, राजस्थान)
पं. ब्रह्मदत्त जैमिनी (दिल्ली)
पं. जयप्रकाश जैमिनी (फरीदाबाद, हरियाणा)
पं. शांतिलाल गौड़ (उदयपुर, राजस्थान)
पं. हरिबाबू शर्मा (टाटा) (हिण्डौन, राजस्थान)

संयोजक

पं. अशोक गौड़ (जयपुर, राजस्थान)

अध्यक्ष

पं. डॉ. हरगोविंद गौड़ (जयपुर, राजस्थान)

उपाध्यक्ष

पं. अशोक सुरोलिया (जयपुर, राजस्थान)
पं. शिवदत्त वशिष्ठ (गुरूग्राम, हरियाणा)
पं. मांगी लाल गौड़ (बारां, राजस्थान)
पं. हरिमोहन शर्मा (भरतपुर, राजस्थान)
पं. मुन्ना लाल गौड़ (सबलगढ़, मध्य प्रदेश)

उपाध्यक्ष

पं. वैद्य सत्यनारायण शर्मा (जयपुर, राजस्थान)

मंत्री

(रिक्त)

संयुक्त मंत्री

पं. शिव नारायण गौड़ (भरतपुर, राजस्थान)
पं. जगदीश प्रसाद शर्मा (हिण्डौन, राजस्थान)
पं. सत्य प्रकाश दीक्षित (धौलपुर, राजस्थान)
पं. चिरोंजी लाल शर्मा (इंदौर,मध्य प्रदेश)
पं. बृजेश गौड़ (करौली, राजस्थान)
पं. मुकेश पराशर (अलवर, राजस्थान)

कोषाध्यक्ष

पं. शंभु दयाल जैमिनी (जयपुर, राजस्थान)

निरीक्षक

पं. रमेश चंद्र गौड़ (जयपुर, राजस्थान)

सांस्कृतिक मंत्री

पं. डॉ. गिर्राज प्रसाद शर्मा (जयपुर, राजस्थान)

प्रधान संपादक (ब्राह्मण ज्योति दीपशिखा पत्रिका)

पं. ओम प्रकाश शास्त्री (जयपुर, राजस्थान)

प्रबन्ध संपादक

(रिक्त)

संगठन मंत्री

पं. सुरेश चंद गौड़ (जयपुर, राजस्थान)

प्रचार मंत्री

पं. महेंद्र कुमार गौड़ (जयपुर, राजस्थान)
पं. हरीश कुमार शर्मा (जयपुर, राजस्थान)

जनसंपर्क मंत्री

पं. सुरेंद्र कुमार शर्मा (जयपुर, राजस्थान)

विधि सलाहकार

पं. अनिल कुमार शर्मा (एडवोकेट)(जयपुर, राजस्थान)

सलाहकार

पं. बृजमोहन गौड़ (राजगढ़, मध्य प्रदेश)
पं. मुकेश जैमिनी (जयपुर, राजस्थान)

महिला प्रतिनिधि

श्रीमती सपना भारद्वाज (अलवर, राजस्थान)
श्रीमती मंजू गौड़ (कोटा, राजस्थान)
श्रीमती ममता जैमिनी (जयपुर, राजस्थान)
श्रीमती साधना गौड़ (झालरापाटन, राजस्थान)
कु. नीलिमा शर्मा (हरदा, मध्यप्रदेश)
श्रीमती दीपा गौड़ (झोटवाड़ा, राजस्थान)
श्रीमती दया अग्निहोत्री (जयपुर, राजस्थान)
श्रमती प्रेमलता शर्मा (जयपुर, राजस्थान)
श्रीमती सुमन शर्मा (अजमेर, राजस्थान)
श्रीमती सविता सांगानेरी (जयपुर, राजस्थान)

इकाई प्रभारी

पं. देवेन्द्र गौतम (मुंबई, महाराष्ट्र)
पं. सुरेश शर्मा (बैन्गलुरू, कर्नाटक)
पं. कैलाश शर्मा (चेन्नई, तमिलनाडु)
पं. मोहनलाल शर्मा (हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश)

कार्यकारिणी सदस्य

पं. रमेश चंद्र शर्मा (दिल्ली)
पं. नवल भारद्वाज (कोटा, राजस्थान)
पं. संदीप भारद्वाज (धोलागढ़, हरियाणा)
पं. राज कुमार शर्मा (जयपुर, राजस्थान)
पं. सुरेन्द्र शर्मा (अहमदाबाद, गुजरात)

श्रादिगौड़ ब्राम्हणोत्पत्ति

प्रस्तोता:-कोषाध्यक्ष
पं. बाबूलाल वाजपेयी
अ.भा.ब्रा.आ.गौ. ब्रा. समाज

आदि गौड़ ब्राह्मणों का एक मुख्य पद है ''गौड़ सम्प्र-दाय'' जिनका गमना-गमन दूसरे देशों में नहीं हुआ वस्तुत: गौड़ कहिये जाकर उनके नाम में इस ''आदि काल से गौड़ ब्राह्मण ये ही है'' अर्थात् इनकी सृष्टुत्पत्यादि के समय से ब्राह्मण सज्ञायें बन्धने के समय तक जाति अपरिवर्तनशील थी या यों कहिये कि जिनकी स्थिति व कर्मादि में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ वे आदि गौड़ कहलाये पं. लक्ष्मण प्रसाद जी आचार्य ने हमें ऐसी संपत्ति दी कि सृष्टि की आदि में जो ब्राह्मण थे वे आदि गौड़ कहलाये अर्थात् जो सृष्टि की आदि से शुद्ध सदाचारी जितेन्द्रिय, शम, दम दया युक्त थे वे आदि गौड़ कहाये। पं शिवनारायण जी ने दम्भदर्पण पृष्ठ 55 में लिखा है कि ऐसा किम्वदन्ति है कि ''पहिले गौड़ पीछे और'' सम्पूर्ण ब्राह्मण आदि कौन से निकले हैं ऐसा सिद्ध होता है। पुनश्च

आदिशद्धोपाधिदत्ता ब्राह्मणास्तु स्वयं भुव्रा।
वेदोपि दतस्ते नैव ह्मदि गौड़स्तुतोमत:।।

अर्थात् जिन गौड़ ब्राह्मणों को ब्रह्मा जी ने आदि में वेद पढ़ाया। वे आदि गौड़ ब्राह्मण कहलाये।

प्राचीन काल से स्यमन्त पत्र्चक राम छद तीर्थ के तीर्थ पुरोहित भी गौड़ ब्राह्मण चले आ रहे हैं वे ही कुरुक्षेत्रवासी उपाधीधारी गौड़ दूर देशों में जाकर आदि गौड़ कहलाये।

अतएव आदि गौड़ का आदि मुख्य कुरूक्षेत्र प्रसिद्ध हुआ। जिसके सम्बद्ध हुआ, जिसके सम्बन्ध में ऐसा लेख मिलता है कि:-

ब्रह्मवेदि:-कुरूक्षेत्र पत्र्चराम हृदान्तरम्।
धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र द्वादर्श योजनावधि ।। महाभारत

भावार्थ:- जहां परशुराम जी महाराज का स्थापित किया स्यमन्त पत्र्चक तीर्थ स्थान है, अथवा जो कौरव पाण्डुवों के महाभारत युद्ध भी पवित्र भूमि है उसको धर्मक्षेत्र व कुरूक्षेत्र भी कहते हैं। जिसका आजकल का प्रसिद्ध नाम दिल्ली मंडल है अतएव सिद्ध हुआ कि दिल्ली मण्डल के रहने वाले आदि गौड़ ब्राह्मण है।

(ब्राह्मण निर्णय के सौजन्य से)

आदि गौड़ ब्राह्मणों की उत्पत्ति

सृष्टि निर्माणोपरान्त शिष्ट आचार-विचार, शिक्षा संस्कृति एवं पवित्र यज्ञादिक प्रारम्भ किए जाने के समय ब्रह्मवेता वेदज्ञ, तपस्वी, सदाचारी, शुद्धाचरण ईश्वरभक्त ब्राह्मण मानकर सर्वप्रथम आचार्य (आदि-गुरु) जिन्हें बनाया गया, वस्तुत:आदि गौड़ ब्राह्मण थे। आदि गौड़ ब्राह्मणों के मूल स्थान के बारे में महाभारत में लिखा है -

ब्रह्मवेदी कुरू क्षेत्र पंच राम हृदान्तरम् ।
धर्म क्षेत्र कुरू क्षेत्र द्वादश योजनावधि ।।

कालान्तरण में उसी ग्राम को (गुरु-ग्राम) गुडगाँव या गौड़ ग्राम कहा जाने लगा। जो इस समय दिल्ली (इंद्रप्रस्थ-हस्तिनापुर) के पास हरियाणा प्रांत में है। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि आदि गौड़ ब्राह्मण कुरुक्षेत्र के समीपस्थ क्षेत्रों से अवतरित हुए है-

आदौ ये ब्राह्मणाः जाता ब्रह्मक्षेत्रे तपोधनाः।
सर्व वेद विदो लोके सदाचार प्रवर्तकाः।।

श्वेत वराह कल्प के आधार पर कुरुक्षेत्र के भू-भाग में जो ब्रह्मविद वेदपाठी तपस्वी ब्राह्मण रहते थे वे ही आदि गौड़ ब्राह्मण हैं -

गौड़ देशं समारभ्य भुवने शान्तेग शिवे।
गौड़ देश: समाख्यात: सर्व विद्या विशारदाः।।
कुरुक्षेत्र च मत्स्यश्च वच्चाला: शूरसेन काः।
एषः ब्राह्मर्षि देश वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः।।

जो वेद वेदांगो की समस्त विद्याओं में पारंगत विद्वान हैं जिनसे कल्याणं एवं शान्ति प्राप्त होती है, जिनको ब्रह्मदेश में रहने वालों के नाम से पुकारा जाता है। ये भूमि क्षेत्र, कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पांचाल (पाञ्चाल) तथा शूरसेन आदि नामों से जाने जाते है और इन क्षेत्रों में रहने वाले ही आदि गौड़ ब्राह्मण है।

आदि गौड ब्राह्मणों के आदि प्रवर्तक 'ब्राह्मणोत्पति मार्तण्ड' के आधार पर 'गालव' ऋषि बताए जाते है। ब्रह्मा के ब्रह्मार्षि नामक पुत्र हुआ और उनके पारब्रह्म नामक पुत्र हुआ। जिनके कृपाचार्य पुत्र हुए। कृपाचार्य के दो पुत्र हुए उनमें छोटे पुत्र का नाम शक्ति था। शक्ति के प्रथम पुत्र पाराशर, दूसरा सारस्वत और तीसरा पुत्र गालव हुए उनके वंशज गौड़ ब्राह्मण हुए।

गालव ऋषि की एक तपस्थली जयपुर शहर के निकट गलता जी में रही है। जो अब गलता-तीर्थ के नाम से विख्यात है। अत: आदि गौड़ ब्राह्मणों का मूल स्थान दिल्ली और उसके आस पास के समीपस्थ क्षेत्र ही रहे है।

आदि गौड़ ब्राह्मणों के शाखा व प्रवर के विषय में लिखा गया है

शाखा माध्यन्दिनी तेषां वे: शुक्लयजु: स्मृत:।
वशिष्ठादीनि गौत्राणि सूत्र कात्यायनम्परम ।।

अर्थात् - वेद शुक्ल यजुर्वेद, शाखा माध्यन्दिनी, सूत्र कात्यायन एवं गौत्र वशिष्ठा है। ये त्रिप्रवर है। कतिपय गौत्रों के पंच प्रवर तथा एक प्रवर भी मिलते है। बहुत से पण्डित यह कह बैठते हैं कि गौड़ों का विकास गौड़ बंगाल से है इसलिए गौड़ नाम रखा गया है। यह कथन अनभिज्ञ लोगों का है।

जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेय: संस्कारेद्विज उच्यते ।
विध्या याति विप्रत्त्वं श्रोत्रिस्त्रिमिरेव च ।।

हमारे यहाँ ऐसा माना गया है कि ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ ब्राह्मण, संस्कारों से द्विज, विद्या से विप्र और जिसमें ये तीनों गुण हो वह श्रोत्रिय कहलाता है।

देवाधीनं जगत्सर्व मन्त्राधीनाश्च देवताः।
ते मंत्रा ब्राह्मणाधीनास्तमा ब्राह्मण देवता:।। (स्मृति)

ऐसा माना गया है सारा संसार देवताओं के अधीन हैं, देवता मन्त्रों के अधीन होते है और मन्त्र ब्राह्मणों के अधीन है। अर्थात् ब्राह्मण ही देवता है यानि प्रवर्तमान जगत चर्क को जो यथावत चलाना ही ब्राह्मण कार्य है।

एक कुलीन ब्राह्मण को अपनी कुल परम्परा का सम्पूर्ण परिचय निम्न बिन्दुओं के माध्यम से ज्ञात होना चाहिये-

- गोत्र - ततस्तु गोत्र प्रवर-शाखा सूत्रादि संयुता। मुनिभिः कल्पिता सम्यग व्यवार प्रवृत्तये।।
- प्रवर - कलौ यज्ञोपवीतेन चिहिन्तों भवति द्विज:। अतः सर्व द्विजातीनां प्रवराध्याय उच्चते ।।
- वेद - कुल प्रवर्तकाचार्यो यंच वेदमधीतवान। सएव कुलवेदोहि तत्कुले संप्रकीर्तित:।।
- उपवेद - प्रत्येक वेद से सम्बद्ध विशिष्ट उपवेद का भी ज्ञान होना चाहिए।
- शाखा - तत्रवै प्रवराचार्यैर्याशाखा निगमस्य च। निजस्यैव मुदाधीता साशाखा तत्कुलेस्मृता।
- सूत्र - व्यक्ति शाखा के अध्ययन में असमर्थ न हो, अतः उस गोत्र के परवर्ती ऋषियों ने उन शाखाओं को सूत्र रुप में विभाजित किया, जिसके माध्यम से उस शाखा में प्रवाहमान ज्ञान व संस्कृति को कोई क्षति न हो और कुल के लोग संस्कारी हों।
- छन्द - उक्तानुसार ही प्रत्येक ब्राह्मण को अपने परम्परा सम्मत छन्द का भी ज्ञान होना चाहिये।
- देवता - कुलदेवस्स्वयं ब्रह्मा प्रतिगोत्रन्निगद्यते । उमाकान्त रमाकान्त मूर्तिभेदेन सिद्धये।।
- शिखा और पाद - वाम दक्षिण भेदेन शिखा बन्धनमिष्यते। पाद प्रक्षालनं तद्वत् प्रतिवेदविबुद्धये ।।
- द्वार - यज्ञ मण्डप में अध्वर्यु जिस दिशा अथवा द्वार से प्रवेश करता है अथवा जिस दिशा में बैठता है, वही उस गोत्र वालों का द्वार होता है।

डॉ. पं. गिर्राज प्रसाद शर्मा
आयुर्वेदशास्त्री, आयुर्वेदाचार्य, B.A.M.S.
सेवानिवृत वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी (राजस्थान)
अजमेर रोड, महापुरा जयपुर
सम्पर्क सूत्र 9413000113, 9983290833

गौड़ ब्राह्मणों के निवास क्षेत्र व भेद

देवर्षि गौड देशॉन्च, हादि गौड़ाः समागताः।
द्वापरान्ते महातीर्थ, सर्प यज्ञे तपोधनः।।

तेभ्यो राजा ददौ, ग्रामानु, सम संख्यात्य कान मुदा।
चत्वरिश्च्चतुर्युक्त, चतुर्दश' शतानि 1444 च।।

आदि गौड़ द्विंजाः सर्वे ब्रह्मार्षि देश वाशिनः।
वेदशास्त्र पुराणज्ञा श्रौतः स्मर्ति परायणाः।।

शाखा मध्यान्दिनी तेषा वेदः शुक्ल यजुः स्मृतः।
बशिष्ठा दीनी गोत्राणी, सूत्रं कात्यायन स्मृतम्।।

वेदाव्धयब्धीन्दु ग्रामाणा, शासनोच्छासना: स्मृता;।
पूज्या सर्वोत्तमा गौड़ाः मध्यमांस विवर्जिताः।।

आदौ ये ब्राह्मणा: जाता: ब्रह्म क्षेत्र तपोधनाः।
सर्वे वेद धरा, लोके सदाचारः प्रवर्तकाः।।

आदि गौडाश्च ते ज्ञेया: ब्रह्म क्षेत्रे निवासिनः।
तेभ्यो विनर्गताः भूम्यां प्रसिद्धाः दश ब्राह्मगाः।।।।

सारस्वता: कान्य कुब्जा: गौड़ाश्चोत्कल मैथिला।
पंचगौड़ा: समाख्याता: विन्धयोत्तरः वासिनः।।

कर्णाटकाश्च वैलंगा: द्राविड़ाः गुर्जरास्तथा।
महाराष्ट्राश्च पंचैते, विन्ध्य दक्षिण वासिनाः।।

तेभ्यो विनिर्गता: भूम्या चतुराशीत ज्ञातय;।
अन्येदपि वहव: सन्ति प्रकीर्णाश्चोप ब्राह्मणाः।।

बसन्ति देव योगेन: ब्राह्मणा: यत्र-तत्र वै।
परस्परंच ते ब्रिप्रा: ह्यभवन भिन्न पंक्तयः।।।

खान-पान सदाचारात, सम्बन्धोउप्यभवत पृथकः।
विद्या कर्म विहिनास्तु विप्रा: सूद्र समा स्मृताः।।

(सर्व ब्राह्मण गोत्रावली से)

गौड़ ब्राह्मणों के प्रकार

ब्राह्मणोत्पत्ति मार्तण्ड के पृष्ठ 4 के अनुसार :- गौड़ 2. सारस्वत 3. कान्यकुब्ज 4. उत्कल 5. मैथिल यह पाँचों गौड़ ब्राह्मण के अन्तर्गत आते हैं अर्थात् पंच गौड़ कहलाते हैं।

इसके अतिरिक्त 12 गौड़ों का नाम :- 1. मांडल (मालवी) गौड़ 2. श्रीगौड़, 3. श्रीहर्षगौड़ (गंगापुत्र गौड़), 4. हर्याणागौड़, 5. वाल्मीकी गौड़, 6. वाशिष्ठ गौड़, 7. सौरभ गौड़, 8. दालम्य गौड़, 9. सुखसेन गौड़, 10. भट्टनागर गौड़, 11. सूर्यध्वज गौड़, 12. माथुर गौड़। उक्त पंच गौड़ों को जोड़ने से कुल 16 प्रकार के गौड़ होते है

अर्थात् जो केवल 'गौड़' ब्राह्मण के नाम से प्रसिद्ध है, उन्हें ही गौड़ के पूर्व 'आदि' विशेषण लगाकर आदि गौड़ ब्राह्मण कहना सर्वदा शास्त्र सम्मत है, ताकि उक्त 16 प्रकार के गौड़ ब्राह्मणों में स्पष्ट पृथकता का बोध हो जाए। केवल गौड़ ब्राह्मण कहने में प्रश्न बनता है कि आप कौन से गौड़ ब्राह्मण हैं।

अवएव केवल गौड़ ब्राह्मण कहने से और आदि गौड़ ब्राह्मण कहने के कारण गौड़ और आदि गौड़ में भेद मान लिया जाना स्वाभाविक है, किन्तु गलत है। पूर्व पृष्ठों पर इसका निराकरण कर दिया गया है।

सच तो यह है कि राजस्थान में शेखावाटी, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तरांचल प्रदेश में विशेष रूप से लोग आदि गौड़ ब्राह्मण ही बताते हैं।

जब कोई अपने को गौड़ ब्राह्मण बतावे तो स्वत: बोध हो जाना चाहिये कि ये आदि गौड़ ब्राह्मण हैं, क्योंकि अन्य 12 प्रकार के गौड़, अपने को केवल गौड़ ब्राह्मण न कहकर, कहते है, श्रीगौड़, सौरभ गौड़, दालम्य गौड़, हर्याणा गौड़ इत्यादि।

अत: कोई गौड़ ब्राह्मण बतावे तो स्वत: आदि गौड़ ब्राह्मण का बोध हो जाता है। इसमें खींचा-तानी करना अनभिज्ञता का कारण हो जाता है।

आदि गौड़ एवं गौड़ शब्द जन्य भ्रमात्मक निवारण

पं. विशुद्धानन्द शास्त्री, प्राचार्य केन्द्रीय वेद महाविद्यालय विराट नगर (जयपुर)

पं. विशुद्धानन्द शास्त्री
साहित्य रत्न सेवानिवृत
वरिष्ठ अध्यापक, आगर (अलवर)

समस्त संपद् समवाप्ति हेतव: समुत्थिताघ: कुलधूमकेतव:।
अपार संसार समुद्र सेतव: पुनन्तुमां ब्राह्मण पाद रेणव: ।।

प्रिय बन्धुओं,

इसमें किचित् मात्र भी संदेह नहीं है। कि ब्राह्मण वर्ग सदा से ही सर्वमूर्धन्य एवं विश्व मान्य बना रहा है। हमारे

सारस्वता: कान्यकुञ्जा गौडाञ्ज मैथिलोत्कला:।
पच गौडा: समाख्याता विन्ध्योत्तर निवासिन: ।।
कर्णाटकाश्च तैलङ्गा: द्राविड़ा गुर्जरास्तथा।
महाराष्ट्रश्च पचैते विन्ध्य दक्षिण वासिन:।।

ये दो श्लोक जनश्रुति में चले आ रहे हैं। इस दशविधि ब्राह्मणों के भेद का मूल कारण शाखा भेद ही है अब भारत में आचार विचार, व्यवहार, खान, पान, मर्यादा, कुल परम्परा, देश देशान्तर के अनेक नवीन कारणों से आजकल संख्यात्मक दृष्टि से पूर्ण वृद्धि हो रही है।

राजचक्र के समान आचार्यों ने शाखा चक्र से दबा लिया। उतने देश में जितने भी ब्राह्मण चल रहे थे। किसी भी गोत्र के क्यों न हों, एक शाखा वाले बन गए। इस प्रकार देशों पर शाखाओं का अधिकार जम गया। फिर तो एक शाखा वालों के कल्प सूत्र भी अलग-अलग बन गये। जिनसे जल भरण विवाह आदि की सर्व प्रथाओं में भेद आता गया। प्रथम शाखा भेद, पुन: कुल भेद, फिर प्रथा भेद, फिर प्रथा भेद तंत्र देश का पृथक होने के कारण ब्राह्मण जाति ने भी प्रथम दो भेद धारण किये। उत्तर भारतीय गौड़ ब्राह्मण और दक्षिण भारतीय द्रविड़ ब्राह्मण कहलाये। फिर भारतीय दक्षिणोत्तम मध्यरेखा पर स्थित कुरूक्षेत्र बहने वाली सरस्वती नदीं के पश्चिम प्रान्त के निवासी सभी गौड ब्राह्मण, सरस्वती के विशेष नाम से सारस्वत कहलाये। फिर जो का काञ्यकुब्ज (कन्नोज) के समीप के गौड़ ब्राह्मण थे। वे कान्य कुब्ज (कलौजिया) कहे जाने लगे। इसी प्रकार मिथिला देश के निवासी मैथिल, उत्कल देख के निवासी उत्कल ब्राह्मण कहे जाने लगे। इससे बचा हुआ जो उत्तर भारत का भू-भाग रहा जैसे महर्षि देश अर्थात् कुरू, मत्स्य, शूर से पाञ्चाल। यहां के निवासी गौड़ ब्राह्मण कोई विशेष नाम न जुड़ने से केवल गौड ब्राह्मण कहलाये। अथवा सारस्वत कान्य कुब्ज मैथिल उत्कल इन चारों नामों से आदिभूत केवल गौड शब्द कहलाये। इस प्रकार गौड तथा आदि गौड में कोई भेद नहीं। सभी उत्तर भारत के गौड ब्राह्मण आदि गौड ब्राह्मण हैं।

''आदि गौड द्विजा: सर्वे ब्रह्मर्षि देशवासिन:।

अत: सभी बन्धुओं से निवेदन है कि वे सभी ''गौड'' शब्द का व्यवहार न करते हुये ''आदि गौड'' शब्द ही व्यव-हार में लायें। इससे भावनात्मक एकरूपता की वृद्धि होवेंगी।

स्कन्द पुराणे गौड स्मृतौ च-

देवर्षि गौड देशाश्च ह्यादि गौडा: समागता:।
द्वापरान्ते महातीर्थे सर्प यज्ञे तपोधन: ।।

तोभ्यो राजाददौ ग्रामान् समसंख्यात्मकान् मुदा।
चत्वारिंश च्चतुर्युक्त चतुर्दश शतानिच।।

ब्राह्मणोत्पत्ति निबन्धे गौड स्मृतो च-

आदि गौड द्विजा: सर्वे ब्रह्मर्षि देश वासिन: ।
वेद शास्त्र पुराणज्ञा: श्रौत स्मार्त्त परायणा: ।।

शाखा माध्यन्दिनीतेषां वेद: शुल्क: यजुस्तम्।
वसिष्ठादीनि गोत्राणि सूत्रं कात्यायनं स्मृतम् ।।

वेदाब्यब्धीन्दु ग्रामाणां शासना च्छासना: स्मृता: ।
पूज्या: सर्वोत्तमा गौडा मद्यमांस विवजिता: ।।

ब्राह्मणोत्पति निबन्धे-

आदौ ये ब्राह्मणा: जाता ब्रह्मक्षत्रे तपोधना: ।।
सर्वे वेदधरा लोके सदाचार प्रवर्तका:।।

आदिगौडाश्च ते ज्ञेया ब्रह्मक्षेत्र निवासिन:।
तेभ्यो विनिर्गता: भूम्यां प्रसिद्धा दश ब्राह्मणा:।।
अन्येऽपि वहव:सत्ति प्रकीर्णाश्चोप ब्राह्मणा:।
वसत्ति दैवयोगेन ब्राह्मणा यंत्र तत्र वै।।

परस्परं च ते विप्रा ह्यमदन् मित्र पक्तय: ।।
खान पान सदाचारा त सम्बन्धोऽधभवत् पृथक।
विधाकर्म विहीनास्तु विप्रा: शूद्रसमा: स्मृता: ।।

गौड स्मृतौ-

श्वेत वाराह कल्पेऽस्मिन् ब्राह्मणा वेद पारगा: ।
आदि गौडा: कुरूक्षेत्रे जाता: सर्वे तपोधना: ।।

महाभारते-

ब्रह्मवेदि: कुरूक्षेत्रं पञ्चराम ह्रदात्तरम्।
ब्रह्मधर्म: कुरूक्षेत्र द्वादश योजनावधि ।।

ब्रह्मपुराणे च-

आदौ जाता: कुरूक्षेत्रे ब्राह्मणा: वेद पारगा: ।
श्वेत वाराह कल्पेऽस्मिन् त्रादि गोडास्तापोधना

गोत्र शर्मावटंकश्च वेदश्च प्रवरा शिखा ।
देविं गणपति पदवीं नवैते ब्राह्मणस्मिता ।।

अब 108 जाति के ब्राह्मण समुदाय के नाम दिये जा रहे हैं। जो निम्न प्रकार हैं।

(1) आदिगौड़ ब्राह्मण (2) मेडतवाल ब्राह्मण (3) औदुम्बर ब्रा. (4) कापित्थ ब्रा. (5) श्री गौड ब्राह्मण नये (6) वटमूल ब्राह्मण (7) पाल ब्राह्मण (8) श्रृगालवाट ब्रा. (9) मैताले ब्रा. (10) गाल्ब ब्रा. (11) औदिच्य ब्रा. (12) टोकल ब्रा. (13) श्री मालि ब्रा. (14) सिन्ध ब्रा (15) चातुर्वदिम्होड ब्रा. (16) भागड ब्रा. (17) त्रिवेदीम्होड ब्रा. (18) धेनोजाम्होड ब्राह्मण (19) इग्यर्षरगाम्होड ब्राह्मण (20) मल्लम्होड ब्राह्मण (21) भीतर खेडावाल ब्रा. (22) वाज खेडावाल ब्रा. (23) खड़ायते ब्राह्मण (24) जाम्बु ब्राह्मण (25) झारोला ब्राह्मण (26) अन्तर वेदो ब्राह्मण (27) उनेवाल ब्राह्मण (28) कंडोला ब्रा. (29) वायडा ब्रा. (30) गिरिनारे ब्राह्मण (31) गुग्गुलि ब्राह्मण (32) वबुरू ब्राह्मण (33) तुलब ब्रा. (34) केरल ब्रा. (35) गोराष्ट ब्रा. (36) वेलंजी ग्रामवासी ब्राह्मण (37) मिथुनहर ब्रा. (38) पातित्यग्राम ब्रा. (39) द्वत्रिंशदग्राम ब्रा. (40) दशागोत्र ब्रा. (41) त्रिहोत्र ब्रा. (42) काराष्ट्र ब्राह्मण (43) चित्पावन कोकणस्थ ब्रा. (44) महाराष्ट्र ब्राह्मण (45) पन्द्रह प्रकार के द्राविड ब्राह्मण (46) नियोगी ब्रा. (47) पांचाल ब्रा. (48) छः प्रकार के तैलंग ब्रा. (49) कर्नाटका ब्रा. (50) शिरपतन मौताला ब्रा. (51) हैव ब्रा. (52) यम्बराद्रि ब्रा. (53) कंदाव ब्रा. (54) दायमा ब्रा. (55) गोमित्र ब्रा. (56) रायकवाल ब्रा. (57) वाल्मीक ब्राह्मण गुर्जर संप्रदायी (58) मथुरा के चौबे (59) सूर्यध्वज गौड़ ब्रा. (60) भट्टनागर गौड़ ब्रा. (61) सुखसेन गौड़ ब्रा. (62) दालम्य गौड़ ब्रा. (63) सीरम गौड़ ब्रा. (64) वाशिष्ठ गौड़ ब्रा. (65) हरियणा गौड़ ब्रा. (66) गंगापुत्र गौड़ ब्राह्मण (67) श्री गौड़ ब्राह्मण (68) मालवी गौड़ ब्रा.(69) प्रश्नोत्तरे नागर ब्रा. (70) भारड नागर ब्रा. (71) चित्रोडे नागर ब्रा. (72) साठोदरे ब्रा. (73) बिसनगरे ब्रा. (74) वड़-नगरे ब्रा. (75) चोरासी मेवाड़ ब्रा. (76) त्रिवाडी मेवाड़ ब्रा. (77) भटमेवाडे ब्रा. (78) दिशावाल ब्राह्मण (79) शिवल्ली ब्राह्मण (80) कोट ब्राह्मण (81) माध्या दितिया ब्राह्मण (82) अभिल्ल ब्राह्मण (83) मंत्रायणी ब्रा. (84) मैथिल ब्रा. (85) नन्द-वाड ब्रा. (86) नामदीय ब्रा. (87) भार्गव ब्रा. (88) गरूड़ गलिया ब्रा. (89) पुष्कररगे ब्रा. (90) भारतीय ब्रा. (91) नादोर्या ब्रा. (92) कांपोद-सिद्ध ब्रा. (93) सोमपुरा ब्रा. (94) काव्यकुन्ज ब्रा. (95) सानाढ्य ब्रा. (96) लेटवास ब्रा. (97) पाली-वाल ब्रा. (98) आमीर ब्रा. (99)लेटवास ब्रा. (100) गयावाल ब्रा. (101) वलादरे ब्रा. (102) चन्द्रसर ब्रा. (103) नारदी ब्रा. (104) खेटुवे ब्रा. (105) तलाजिये ब्रा (106) कपिल ब्रा. (107) मित्र-गौड़ ब्रा. (108) सारस्वत ब्रा.

गोत्र क्या है और विवाह सस्कार में गोत्र क्यों बचाएं

गोत्र एक ऐसा शब्द है जो यह बताता है कि हमारे पूर्वज कौन हैं तथा हम किस ऋषि की संतान हैं। गोत्र का अर्थ किसी व्यक्ति के वंश या कुल से होता है। गोत्र किसी व्यक्ति को उसकी मूल पीढ़ी से जोड़ता है। वैदिक संस्कृति के अनुसार सप्त ऋषि (विश्वामित्र, जमदग्नि /गौतम, अत्रि, वशिष्ठ, कश्यप एवं भारद्वाज) तथा अन्य ऋषि अगस्त, पुलस्ति, पुलह एवं कृतु की संतानों के कुल को गोत्र कहते हैं। यदि किसी व्यक्ति ने कश्यप गोत्र में जन्म लिया है तो इसका अर्थ है कि उस व्यक्ति का कुल या गोत्र कश्यप है, इसी प्रकार से किसी व्यक्ति ने भारद्वाज वंश में जन्म लिया है तो उस व्यक्ति का कुल या गोत्र भारद्वाज है। इस प्रकार से व्यक्ति के गोत्र का निर्धारण आदि काल से होता आ रहा है। यदि दो व्यक्तियों का गोत्र समान है तो इसका अर्थ यह हुआ कि वे दोनों व्यक्ति एक ही कुल या वंश में जन्मे हैं, उन दोनों व्यक्तियों में वंशानुगत पारिवारिक सम्बन्ध है। जैसे भाई-बहन, पिता-पुत्री, पिता-पुत्र, चाचा-भतीजी, चाचा-भतीजा इत्यादि।

जब घर में विवाह की चर्चा होती है तो अपने माता- पिता तथा बुजुर्गों बीच होने बात-चीत में गोत्र का नाम अवश्य आता है। लड़का या लड़की हमारी जाति समुदाय का है अथवा नहीं। कहीं गोत्र तो नहीं लग रहा अर्थात गोत्र बच रहे हैं या नहीं इत्यादि।

हिंदू धर्म में वैदिक मान्यताओं के अनुसार एक ही गोत्र (वंश या कुल) के लड़के या लड़की के विवाह का विरोध किया जाता है। एक ही गोत्र में विवाह करने को वर्जित माना गया है इसके पीछे उचित सामाजिक एवं वैज्ञानिक कारण है। इसका एक कारण सम गोत्र में होने से ये स्त्री- पुरुष निकट समबंधी बन जाते हैं, जैसे भाई-बहन, पिता-पुत्री, चाचा-भतीजी इत्यादि। हमारे सामाजिक संस्कार साथ ही वैज्ञानिक आधार इसकी मान्यता नहीं देते हैं।

इसी कारण से विवाह संस्कार के लिए चार गोत्र पहला स्वयं का, दूसरा माता का, तीसरा दादी का और चौथा नानी का गोत्र बचाया जाता है। कहीं-कहीं चौथे गोत्र अर्थात नानी के गोत्र को छोड़ भी दिया जाता है। धार्मिक एवं सामाजिक मान्यताएं इस प्रतिबंध को स्वीकार करती हैं। जिसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी स्वीकार किया गया है।

विज्ञान के अनुसार एक ही गोत्र या कुल में विवाह करने पर दंपत्ति से जो संतान उत्पन्न होगी, उसमें अनुवांशिक दोष होगा, साथ ही नई पीढ़ी में विशिष्ट नवीन उच्च गुणों का अभाव भी रहेगा।

क्रमश- आज हमारे देश में पश्चिमी संस्कृति के दुष्प्रभाव के कारण विवाह में गोत्र बचाने का महत्व कम होता जा रहा है या कुछ कुछ परिवारों में औपचारिकता भर रह गया है लेकिन यह सोच भविष्य के लिए ठीक नहीं है संस्कारवान एवं उत्कृष्ट नवीन गुणों वाली सनन्तति प्राप्त करने के लिए गोत्र प्रणाली का बने रहना अति आवश्यक है ,इसके पीछे पर्याप्त वैज्ञानिक आधार है।

वैज्ञानिक डार्विन के प्राकृतिक चयन (नेचुरल सिलेक्शन) के सिद्धांत के अनुसार जीवन की शुरुआत एक कोशिका यानी सिंगल शैल से हुई है। समय के साथ - साथ

